दिनांकः 18.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर—अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी में किसान सम्मान सम्मेलन में भाग लेंगे। वे डीबीटी के जरिये नौ करोड 26 लाख लाभार्थी किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की 17वीं किस्त जारी करेंगे। अब तक 11 करोड से अधिक पात्र किसान परिवार इस योजना के तहत तीन लाख चार हजार करोड रूपये से अधिक का लाभ ले चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री कृषि सखी के रूप में स्वयं सहायता समूहों की तीस हजार से ज्यादा महिलाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज जयपुर में बजट पूर्व संवाद बैठक ले रहे हैं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी बैठक में मौजूद हैं। बैठक में चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास के लिए सुझाव लिये जा रहे हैं। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर भी बैठक में शामिल हैं। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री और कई केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर प्रदेश के विकास को लेकर चर्चा की।

000

जयपुर में प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज जनसुनवाई की जा रही है। बारह बजे से शुरू हुआ ये कार्यक्रम दोपहर दो बजे तक चलेगा। पार्टी उपाध्यक्ष मोती लाल मीणा और अन्य पदाधिकारी जनता की समस्याएं सुन रहे हैं।

000

शाहपुरा में आज युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला प्रशासन और नगर परिषद की ओर से हो रहे इस कार्यक्रम में युवाओं के कौशल विकास से जुड़े विभिन्न सत्र रखे गये हैं। इसके तहत विशेषज्ञों की ओर से करियर काउंसलिंग, परीक्षा और साक्षात्कार की तैयारी तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है।

000

प्रदेशभर में निर्जला एकादशी आज भी मनायी जा रही है। इस अवसर पर मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन हो रहे हैं और दान पुण्य किया जा रहा है। भीलवाड़ा के ग्यारस माता मंदिर में आज मेले का आयोजन किया जा रहा है। वहीं जैसलमेर के गोपा चौक, हनुमान चौराहा और चुंगी नाका सहित कई स्थानों पर शीतल पेय वितरित किये जा रहे हैं और गौशालाओं में गायों को हरा चारा खिलाया जा रहा है। जयपुर, टोंक, झालावाड़, भरतपुर, बाड़मेर, पाली सहित कई मंदिरों में धार्मिक आयोजन हो रहे हैं और जलयात्रा झांकी सजायी गयी है।

000

प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर तेज गर्मी और उमस का दौर जारी है। प्रचंड गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार बीते 24 घंटों में श्रीगंगानगर, कोटा, जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, पिलानी, चूरू और करौली में हीटवेव दर्ज हुई। भरतपुर, अलवर, धौलपुर, बारां और सीकर में भी भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों का असर रहा। विभाग ने आज कोटा और उदयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर बरसात की संभावना जतायी है।

000

आईसीसी टी—टवेंटी क्रिकेट विश्व कप में सुपर—8 की टीमें तय हो गई हैं। नेपाल पर जीत हासिल करने के बाद बांग्लादेश की टीम इसके लिए चुनी गयी। सुपर—8 के मुकाबले कल से शुरू होंगे और 25 जून तक खेले जाएंगे। पहले ग्रुप में भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश हैं। वहीं दूसरे ग्रुप में अमरीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका हैं। पहला मैच कल अमरीका और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। वहीं इस चरण में भारत का पहला मुकाबला अफगानिस्तान से 20 जून को होगा। सभी मैच वेस्टाइंडीज में खेले जाएंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का ये पहला अंक होगा। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1800—11—7800 के माध्यम से दे सकते हैं। इसके अलावा नमो एप और माय जी ओ वी ओपन फोरम के जरिये भी अपने विचार साझा कर सकते हैं। इस अंक के लिए 28 जून तक सुझाव भेजे जा सकते हैं। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, न्यूज़ ऑन एआईआर वेबसाइट और मोबाइल एप पर सुना जा सकता है। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

000